
# कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने पूर्व मंत्री हर्ष नारायण सिंह को दी श्रद्धांजलि

## विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया की लोकप्रियता की किया सराहना

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 11 सितंबर,मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंन्द्रीय मंत्री कृषि शिवराज सिंह चौहान ने रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया के आवास में अपनी धर्म पत्नी श्रीमती साधना सिंह के साथ पहुंच कर विधायक विक्रम सिंह के पिताजी पूर्व राज्य मंत्री स्व. हर्ष नारायण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार से मुलाकात कर आपसी चर्चाएं की ।**




श्री चौहान के यहां पहुंचने पर विधायक विक्रम सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कृषि मंत्री श्री चौहान का जोरदार स्वागत किया। कृषि मंत्री के स्वागत में पहुंचे रामपुर विधानसभा क्षेत्र के किसानों और पार्टी के पदाधिकारियों कृषि मंत्री का किया जोरदार अभिनंदन किया। इस अवसर पर रामपुर बघेलान पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के स्वागत में सांसद गणेश सिंह , रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद ,पूर्व राज्य मंत्री रामखेलावन पटेल, चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह , भाजपा जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल सिंह ,जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह छोटू ,भाजपा जिला मंत्री दीप नारायण सिंह दीपू , धर्मेंद्र सिंह प्रतिनिधि ,विद्याधर तिवारी ,नगर विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह ,अजीत सिंह मंडल अध्यक्ष, मृगेंद्र सिंह परिहार, संजय मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा जनपद सदस्य ,अनिल साकेत, रावेन्द्र पटवारी, नंदकिशोर पटेल, सरपंच संजय शुक्ला, संजीव सिंह पिंटू, मुकेश सिंह मुक्कू ,अनंत प्रताप सिंह गंगा, संपत सिंह पुजेरी, शिवमोहन सिंह ,आशीष सिंह अम्बू, संदीप गुप्ता ,पवन गौतम, सोनू शर्मा ,कुबेर ताम्रकार ,गंगा सिंह, संतोष सिंह ,पुष्पराज कुशवाहा, शैलेन्द्र निगम ,संदीप गौतम सहित काफी तादाद में रामपुर क्षेत्र की जनता जनार्दन एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### किसानों से भी की मुलाकात

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के रामपुर बघेलान आओ आगमन पर यूरिया खाद की समस्याओं पर किसान यूनियन ने श्री चौहान को ज्ञापन पत्र सोपा और खेती में आ रही समस्याओं से अवगत कराकर उससे निजात की मांग की।जिस पर किसान संगठन के पदाधिकारी और अन्य उपस्थित किसानों से खेती में आ रही समस्याओं के प्रति श्री चौहान ने गहन चर्चाएं की। जिस पर श्री चौहान ने उन्हें अस्वस्थ किया कि उनकी इस समस्या को वह प्रमुखता के साथ निराकरण करेंगे और उनके समस्या से निजात का हर संभव प्रयास करेंगे साथ ही श्री चौहान ने रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह की सराहना करते हुए कहा कि रामपुर क्षेत्र की जनता जनार्दन को जिस तरह से रामपुर बघेलान क्षेत्र के विधायक मिले हैं वह विधायक नहीं बल्कि उनके परिवार का सदस्य बनकर जनता की सेवा में जुटे रहते हैं विक्रम सिंह का जनता के प्रति सेवा भाव जनता की उपस्थिति से ही समझ में आता है।

# रामपुर बाघेलान क्षेत्र में नहीं थम रहा कोरेक्स का अवैध व्यापार

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 11 सितंबर, थाना रामपुर बाघेलान क्षेत्र खासकर हनुमान गंज में नशीली प्रतिबंधित कोरेक्स का बड़ा सप्लायर सक्रिय हैं। यह कोरेक्स सप्लायर थाने के पास ही अपना निवास बना रखा है और थाने में आना जाना है।**

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र इस समय नशीली प्रतिबंधित कोरेक्स कारोबार का गढ़ बन गया है। पुलिस गाहे बगाहे कार्रवाई भी करती है लेकिन वे सब छुटभैया टाइप के अपराधी होते हैं पुलिस बड़े सप्लायरों पर कभी कार्रवाई नहीं करती। इसलिए नशीली प्रतिबंधित कोरेक्स के बड़े कारोबारियों के हौंसले बुलंद हैं। आरोप है कि नशीली प्रतिबंधित कोरेक्स कारोबारियों पुलिस की सांठगांठ है ,अब तो अवैध प्रतिबंधित कोरेक्स कारोबारिया थाना के पास ही अपना निवास और अड्डा बना लिया है। जिसकी शिकायत भी उच्च स्तर पर हुई, पर कार्रवाई नहीं हुई। कोरेक्स की खुलेआम बिक्री होने से क्षेत्र में होने पर अपराध बढ़ रहे हैं।

### नवागत एसपी से उम्मीद

नवागत एसपी हंसराज सिंह से प्रतिबंधित नशीली कोरेक्स कारोबारियों पर कार्रवाई की लोगों की अपेक्षा है। अब देखना है कि नवागत एसपी कार्रवाई करते हैं की नहीं।



# आदि कर्मयोगी अभियान पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

**रामनगर 11 सितंबर, जनपद सभागार रामनगर में तीन दिवसीय आदि कर्मयोगी अभियान कार्यशाला का आयोजन आरंभ किया गया है। जहां आदिवासी समाज अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति परिवर्तनकर्ताओं को सशक्त बनाना है।**

आदि कर्मयोगी अभियान आदिवासी नेतृत्व विकेंद्रीकृत शासन की परिस्थितिक तंत्र निर्माण पर राष्ट्रीय आंदोलन है। जो आदिवासी समाज में अभिसरण समुदायिक भागीदारी के माध्यम से जनजातिया कार्य मंत्रालय नेतृत्व क्षमता निर्माण मे आधारित है। शासन द्वारा जनजातिया योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से पहल की शुरुआत आदि कर्मयोगी नाम से की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य खराब क्रियान्वयन प्रणाली दुरूस्त कर सुचारू रूप से क्रियावन करना है। कार्यक्रम की प्रेरणा जमीनी स्तर पर कार्यरत भवदीपो के अनुभव से है। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं को जनजातिय समुदाय के अंतिम छोर तक पहुंचाना है। जिससे इन्हें प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। मैहर जिले के रामनगर जनपद सभागार में आदि कर्मयोगी कार्यशाला की बैठक दौरान जिला समन्वयक विनय त्रिपाठी संजीव मिश्रा तथा मास्टर ट्रेनर बीएमओ डॉ आलोक अवधिया खण्ड पंचायत अधिकारी राजेंद्र मार्को आंगनवाड़ी सुपरवाइजर सुमन जयसवाल प्रफुल्ल तिवारी रहे। धरती आवा अभियान के आदिवासी बाहुल्य ग्राम जजनगरा सोहौला सेदुरा कुंवरी भितरी कुदरीकला छितहा कोल्डिहा खोमरहा गोडहाटोला खैरानी के सचिव सहायक सचिव वनरक्षक आंगनवाड़ी आशा कार्यकर्ता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को ट्रेनिंग दी गई।

## ''शाश्वतम्'' का दीनदयाल शोध संस्थान में होगा आयोजन

**चित्रकूट 11 सितंबर,** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास, भोपाल द्वारा 12 सितम्बर, 2025 को दोपहर 3.30 बजे से उद्यमिता विद्यापीठ, दीनदयाल शोध संस्थान, चित्रकूट के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में 'अरण्यवासी श्रीराम व्याख्यानमाला' - ''शाश्वतम्'' का आयोजन किया जायेगा। न्यास के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एन. पी. नामदेव ने बताया कि व्याख्यामाला में वक्ता श्री अभय महाजन, राष्ट्रीय संगठन सचिव दीनदयाल शोध संस्थान, डॉ. रामनारायण त्रिपाठी राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता, संचालक गायत्री शक्तिपीठ चित्रकूट एवं आचार्य नवलेश दीक्षित महाराज भागवत पीठ चित्रकूट धाम होंगे। विशेषज्ञों द्वारा चित्रकूट अंचल में श्रीराम, राम का उद्धात चरित्र विषयों पर वक्तव्य देंगे। समारोह में संत समागम भी होगा।

# उचेहरा में कृषि महाविद्यालय खोले जाने की उठाई मांग

नवभारत न्यूज

**उचेहरा 11 सितंबर, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह गुड्डा ने लिखित आवेदन पत्र के माध्यम से मांग की है कि उचेहरा तहसील में पर्याप्त शासकीय जमीन है उस लिहाज से अगर तहसील में कृषि महाविद्यालय की सौगात मिल जाती है तो सतना और मैहर जिले के किसानों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा.**



किसान उन्नति किस्म की खेती करने लगेगा जिससे उसकी आर्थित स्थित में और सुधार होगा। माननीय आपके प्रयास से मध्य प्रदेश में कृषि को उद्योग का धन्धा बनाकर आपने कृषि के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर एवं स्वालंबी बनाया है। जिले के युवाओं को कृषि महाविद्यालय के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और जिले के किसानों को भी उन्नत तकनीक के माध्यम से कृषि कार्य में सहयोग प्राप्त होंगा। सतना - मैहर के बीच में रोड व रेल्वे का जुड़ाव होने से उचेहरा ब्लाक में कृषि महाविद्यालय खोलना उचित होंगा। जनभावनाओं का ख्याल रखते हुए उचेहरा ब्लाक में महाविद्यालय खोलने जाने की पुरजोर मांग की है।

### अचानक परिवर्तित हुआ स्थान

केंद्रीय मंत्री का पहले कुन्दरी कला में भी कार्यकम था उसी के तहत कांग्रेस नेत्री डॉक्टर रश्मि सिंह के नेतृत्व में केंद्रीय कृषि मंत्री को किसानों की खाद की कमी, कालाबाजारी और बर्बाद होती फसल को लेकर कांग्रेस नेत्री के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन की घोषणा की गई थी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा काले झंडे दिखाने की चेतावनी भी दी गई थी। वैसे दोनों जिले में तीन जगह का कार्यक्रम बदला फिलहाल कांग्रेस नेत्री का अपना कहना है कि हुंकार रैली के चलते यहां का कार्यक्रम निरस्त हुआ बहरहाल जो भी कारण हो यह तो प्रसाशन ही जान सकता है बदले हालातों के चलते कांग्रेस नेत्री ने किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील करते कहा कि बिहटा में गैस एजेंसी में दोपहर 1 बजे के करीब अधिक से अधिक संख्या में किसानों से पहुंचने की अपील की जिससे केंद्रीय कृषि मंत्री के सामने किसानों की समस्याओं की आवाज़ उठाई जा सके।

# गरीब बच्चों के लिए उम्मीद की किरण बना प्राप्त्याशा का नि :शुल्क शिक्षण मिशन

नवभारत न्यूज

**सतना 11 सितंबर, प्राप्त्याशा समूह ककलपुर ज़िला सतना द्वारा पिछले दो वर्षों से मैहर ज़िले में नि:शुल्क शिक्षण अभियान चलाया जा रहा है, जो अब अपने स्वरूप का विकास कर रहा है। इस मिशन के तहत ग़रीब और वंचित परिवारों के बच्चों को पूरी तरह नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।**

मिट्टी के फर्श और टूटी-फूटी दीवारों के बीच भी ये बच्चे अपने भविष्य को संवारने का सपना देख रहे हैं। बिना टेबल-कुर्सी के ज़मीन पर बैठकर पढ़ने वाले ये बच्चे इस बात का प्रमाण हैं कि सीखने की लगन किसी भी कठिनाई से बड़ी होती है।



आज देश के कई ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में बच्चे आर्थिक तंगी और संसाधनों की कमी के कारण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में "नि:शुल्क शिक्षण मिशन" उन बच्चों के लिए उम्मीद की किरण बनकर सामने आ रहा है। मिशन से जुड़े शिक्षकों जिनमें से मुख्य रूप से अखंड चौरसिया एवं विवेक राठौर एवं अन्य सहयोगी भी शामिल हैं के द्वारा पहले अवकाश के दिन ही पढ़ाया जाता था अब प्रतिदिन पढ़ाया जा रहा है। इसका संचालन पहले ग्राम झिन्ना में हो रहा था, जो कि अब झिन्ना के अलावा अन्य स्थानों में भी अपना विस्तार कर रहा है। इस कार्य से जुड़े प्राप्त्याशा के सदस्य एवं शिक्षक पूरे मनोयोग से इस मिशन में जुड़े हैं,अब मैहर ज़िले के अन्य क्षेत्रों जैसे ककरहा टोला, ग्राम केसौरा एवं आस पास के अन्य स्थानों में भी नि:शुल्क शिक्षण अभियान शुरू हो गया है ।

बच्चों को यदि सही मार्गदर्शन और अवसर मिले, तो वे भी समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। नि:शुल्क शिक्षण मिशन का उद्देश्य न केवल शिक्षा देना है, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, संस्कार और सामाजिक जागरूकता भी जगाना है। यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो आने वाले समय में एक सशक्त और शिक्षित समाज के निर्माण की दिशा में बड़ा कदम साबित होगी।



# वैश्य महासम्मेलन मैहर जिला कार्यकारणी की हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**मैहर 11 सितंबर, वैश्य महासम्मेलन मैहर जिला कार्यकारिणी की बैठक होटल ओंकार पैलेश मैहर में प्रदेश महामंत्री सुरेश सोनी, हरिओम गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने के आतिथ्य में संपन्न हुई ।**

वैश्य महासम्मेलन मैहर के जिला अध्यक्ष अनुपम सोनी ने बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में आगामी कार्य योजना पर चर्चा हुई तहसील प्रवास सदस्यता अभियान संगठन विस्तार पर चर्चा एवं वैश्य समाज के लोगों की सुरक्षा और समाज के एक-एक व्यक्ति के लिए संगठन के प्रत्येक सदस्य हमेशा खड़े रहेंगे ऐसा संगठन के मंच से मैसेज वैश्य समाज को दिया गया. जिले की कार्यकारिणी की बैठक में उपस्थित वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री एवं रीवा संभाग के प्रभारी हरिओम गुप्ता जिला, अध्यक्ष अनुपम सोनी, जिला महामंत्री अखिल गोयल अग्रवाल, समाज के अध्यक्ष राजू लाल अग्रवाल , हलवाई समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष राजू गुप्ता , समाजसेवी जिला उपाध्यक्ष आशुतोष गुप्ता , रामनगर लक्ष्मी अग्रवाल , संतोष गुप्ता रामनगर, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती डॉली गुप्ता ,श्रीमती सरिता गुप्ता, दिनेश अग्रवाल , युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, राम जी अग्रवाल , राहुल गुप्ता सरपंच मदनपुर, अभिषेक जायसवाल , सरपंच डेल्हा अजय सोनी, कार्तिक सर्राफ , विजेंद्र गुप्ता , छोटू मैनी , मैहर नगर अध्यक्ष मनोज चौरसिया , रामनगर तहसील अध्यक्ष अशोक गुप्ता , प्रभारी संतोष गुप्ता , रवि चौरसिया , पिंटू गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल , श्रीमती रज्जो सोनी , श्रीमती अंजू गुप्ता , श्रीमती रम्भा गुप्ता, श्रीमती अनीता गुप्ता , श्रीमती महिमा गुप्ता , आदर्श जैसवाल , दीपक बाडोलिया , भोला चौरसिया , विजय अवधिया ,विजय चौरसिया, रवि चौरसिया , उमा बड़ोलिया , सहित जिले के पदाधिकारी गण तहसील इकाई के अध्यक्ष व पदाधिकारी गण युवा मोर्चा जिले के अध्यक्ष व पदाधिकारी गण महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष व पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# आदिवासी परिवारों की मझगवां तहसील प्रांगण में रैली एवं प्रदर्शन आज

- सौंपेंगे मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम ज्ञापन, पीढ़ीयों से वनभूमि पर थे काबिज, अब वन विभाग का अड़ंगा

नवभारत न्यूज


**बरौंधा 11 सितंबर, जनपद पंचायत मझगवां, वन परिक्षेत्र बरौंधा रेंज के अन्तर्गत आने वाली दो ग्राम पंचायतें महतैन एवं पड़री के गांव कैमहा व सेमरहा के भूमिहीन आदिवासी ( मवासी ) परिवारों को वन विभाग ने इस वर्ष वन भूमि पर खरीफ एवं रवि फसल की खेती करने से रोक लगा दिया है, जिनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। परिवारों मे भुखमरी की नौबत आ गई है।**

ग्रामीणों के मुताबिक कैमहा वीट में करीब 300 हेक्टेयर भूमि पर अनुसूचित



जनजाति परिवारों सहित अन्य समुदाय के लोगों का भी कब्जा है। जब कि वन विभाग आदिवासी समुदाय को खेती करने से रोक रहा है जब कि अन्य लोग अभी भी उसी जमीन पर खेती कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ प्लानटेशन के नाम पर गरीब आदिवासी परिवारों को उक्त भूमि से बेदखल कर उजाड़ने की कार्यवाही की जा रही है। जब कि वन भूमि पर पीढ़ियों से खेती कर अपने परिवार की आजीविका सुनिश्चित कर रहे हैं। अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 के आने के बाद सभी परिवारों ने दावा फार्म भी भरा इसके साथ ही वर्ष 2018- 019 मे ऑनलाइन भी लोगों ने आवेदन किया किंतु किसी को वनाधिकार पत्र (पट्टा) नही मिला है। इसलिए इस वर्ष वन विभाग के कर्मचारियों ने विगत दिनों पूर्व खेती की जुताई करने गए आदिवासी परिवारों को डरा धमकाकर भगा दिया था। महिलाएं विरोध कर रही थी, तब बीट गार्ड और कर्मचारियों ने उनके साथ अभद्रता भी की थी। ग्रामीणों द्वारा उक्त मामले को प्रशासन के संज्ञान मे लाकर न्याय की उम्मीद की थी। लेकिन अभी तक आदिवासी समुदाय को न्याय नही मिला।

वन अधिकारों की मान्यता कानून,2006 के तहत अधिकार पत्र दिए जाने एवं गरीब आदिवासी परिवारों को खेती करने से बेदखल न करने के समर्थन में गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन, आदिवासी अधिकार मंच, भीम आर्मी, जयस एवं युवा मोर्चा आदिवासी संगठनों के बैनर तले दिनांक 12 सितंबर को शांति पूर्ण तरीके से जन सभा करके एसडीएम (राजस्व) अनुभाग मझगवां के द्वारा माननीय राज्यपाल मध्य प्रदेश शासन भोपाल के नाम ज्ञापन पत्र देकर न्याय की उम्मीद की जाएगी।



# आशा अमित नशीने के संयोजन में हुआ अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**नागौद 11 सितंबर, उड़ान साहित्यिक संस्था का वार्षिकोत्सव एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन राजनांदगांव में संपन्न हुआ। जिसमें समस्त भारत के कवि एवं कवयित्रियों ने काव्य पाठ किया।**

इस कार्यक्रम में उड़ान की ग़ज़ल विशेषांक पुस्तक %टूटती जंजीर% शकुन अग्रवाल की पुस्तक रुक्मिणी स्वयंवर, एवं डॉ0 निरुपमा श्रीवास्तव की पुस्तक अपाला का विमोचन भी हुआ। संचालन मनोज शुक्ल मनुज ने किया एवं आभार प्रदर्शन संयोजक आशा अमित नशीने ने किया. शानदार आयोजन और व्यवस्था के लिए उड़ान परिवार ने आशा जी एवं उनके पतिदेव अमित नशीने का धन्यवाद किया।



# श्री राजपूत करणी सेना का गठन पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

नवभारत न्यूज

**नागौद 11 सितंबर, महिपाल सिंह मकराना राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सहेंद्र सिंह दिखित प्रदेश अध्यक्ष की अनुशंसा पर श्री राजपूत करणी सेना का गठन किया गया।**

गठित टीम में रवि सिंह परिहार अमिलिया जिला अध्यक्ष (ग्रामीण),नीति राज सिंह बन्नू संरक्षक,अमन सिंह परिहार धौरहरा विधानसभा प्रभारी (नागौद),मृगेंद्र सिंह परिहार नागौद विधानसभा अध्यक्ष, विकास सिंह परिहार (छोटू) विधानसभा उपाध्यक्ष (ग्रामीण), सूर्य देव सिंह परिहार - नागौद विधानसभा उपाध्यक्ष (नगर), इन नव नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान राममणि सिंह द्वारा शुभम मोबाइल सिंहपुर चौराहा नागौद में किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समर सिंह मंटू, संजय सिंह बघेल, विनय सिंह परिहार, शैलेंद्र सिंह, रवि सिंह धौरहरा, दिलीप सिंह बरकछी, अंकुर सिंह, अनिरुद्ध सिंह मंटू सिंह, दुर्गेंद्र सिंह, पंकज सिंह, राहुल सिंह, शुभम सिंह, नितिन सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# छठवीं हेमंत सिंह बाबू स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आगाज

## उद्घाटन मुकाबले में अमरपाटन ने हिनौती को 4-2 से हराकर अगले दौर में किया प्रवेश

नवभारत न्यूज

**कोठी 11 सितंबर, अमर शहीद बाबा रणमत सिंह स्टेडियम कोठी में रणमत क्लब कोठी के फुटबॉल टीम के तेज तर्राट स्ट्राइकर खिलाड़ी रहे स्वर्गीय हेमंत सिंह बाबू की स्मृति में आज छठवीं जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समारोह पूर्वक आगाज किया गया।**

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुखवंती बुनकर अध्यक्ष नगर पंचायत कोठी, अध्यक्षता संजीव मिश्रा शुभांजना कोऑपरेटिव सहकारी संस्था कोठी, विशिष्ट अतिथि की दीर्घा में बृजेश गर्ग सोनू जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन , नलिनेंद्र मिश्रा सचिव जिला फुटबाल संघ एवं मैनेजर संतोष ट्रॉफी, शिवम अग्निहोत्री सुभांजनक कोऑपरेटिव सहकारी संस्था के उप मैनेजर आदि के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ सर्वप्रथम अतिथियों का आसन ग्रहण करने के पश्चात अतिथियों द्वारा स्वर्गीय हेमंत सिंह बाबू की प्रतिमा में दीप माला अर्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया इसके बाद आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया । तत्पश्चात बैच लगाकर स्वागत किया गया फिर श्रेया सिंह - शालू सिंह के द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया । तत्पश्चात अतिथियों द्वारा



खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर करते हुए राष्ट्रगान के उपरांत मुख्य अतिथि सुखवंती बाई बुनकर द्वारा फुटबॉल में किक मारकर औपचारिक शुरुआत की गई । इसके उपरांत मैच प्रारंभ हुआ आज का उद्घाटन मैच हिनौती और अमरपाटन के बीच में खेला गया जिसमें अमरपाटन की टीम ने हिनौती की टीम को 4 - 2 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया,अमरपाटन के तेजतर्रार अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ी जर्सी 13 पंकज ने पहले ही हाफ में ही हिनौती की ओर हैट्रिक गोल लगाते हुए क्रमश: 9 वे मिनट , 14 वे मिनट , एवं 22 वे मिनट में ही टीम को ( 3 , 0 ) की बढ़त दी ,अमरपाटन के ही खिलाड़ी जर्सी 9 ने एक गोल और दागकर अपनी टीम को बढ़त को 4 - 0 कर दिया, अमरपाटन की टीम बढ़त बनाकर खेल ही रही थी कि हिनौती के अग्रिम पंक्ति के एक तेज तर्रार खिलाड़ी ने पहला गोल दागकर अपनी टीम को 1- 4 के स्कोर पर कर लिया और इस प्रकार से मध्यावकाश तक 4 - 1 की बढ़त पर अमरपाटन टीम रही इसके पश्चात दूसरे हॉफ के खेल में हिनौती के द्वारा दूसरा गोल दागकर अपनी हार को कम करने का प्रयास किया और दो-चार से हार कर बाहर हो गई और अमरपाटन की टीम ने अगले दौर में प्रवेश किया उद्घोषक कमलेश पाठक , आयुष सोनी एवं धर्मेंद्र सोनी रहे ।रेफरी की भूमिका में सालिग राम विश्वकर्मा , राजेश यादव , शुभम वर्मा रहे । सभी अतिथियों को आयोजन समिति के द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कल 3 मैच खेले जाएंगे । पहला मैच इंडिया स्पोर्टिंग सतना बनाम सोहावल दूसरा बिरला बॉयज सतना बनाम नागौद और तीसरा मैच रणमत क्लब कोठी बनाम सफा बॉयज सतना के मध्य खेला जाएगा आज के दर्शक दीर्घा में सैकड़ो लोग मौजूद रहे आयोजन समिति के संरक्षक सदस्य यादवेंद्र सिंह भैया अमर सिंह वारिस वर्मा सहित अन्य सभी सदस्यों ने सभी खेल प्रेमियों दर्शकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मैच का आनंद उठाएं।